University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 06 May 2021

UNIVERSITY OF LUCKNOW
LIGHT AND LEARNING

**TOI PAGE 3**

## LU rated best varsity in state

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University has been rated as the best state university in Uttar Pradesh by an international ranking agency edurank.org.

In universities across the country, the varsity stood at 58th place. In the ranking, as many as 14,178 universities from America, Europe, Asia, Africa, Japan, Mexico have been ranked. Globally, LU was ranked 1,008 out of 14,178 academic institutes.

### 58TH IN COUNTRY

Other state universities like Banaras Hindu University, Aligarh Muslim University, IIT, BHU, Motilal Nehru Institute of Technology, Indian Institute of Technology-Kanpur and Amity, Noida were also part of the International ranking.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## देश भर में लखनऊ विवि की 58वीं रैंकिंग

### अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एडुरैंक ने जारी की रैंकिंग, शोध सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से मिली सफलता

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एससीआई मैगो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग में बेहतर स्थान प्राप्त करने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने बेहतर प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी edurank.org द्वारा जारी रैंकिंग में यूपी के राज्य विश्वविद्यालयों में सबसे बेहतर स्थान पाया है। साथ ही देश भर के विश्वविद्यालयों में 58वीं रैंक हासिल की है।

रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ विश्वविद्यालय से ऊपर जो 57 विश्वविद्यालय व संस्थान हैं उनमें ज्यादातर आईआईटी, तकनीकी विश्वविद्यालय/संस्थान या इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच स्थान बनाने पर हर्ष जताया है। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि हाल के दिनों में विश्वविद्यालय द्वारा शोध के क्षेत्र में किए गए बेहतर कार्य, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के क्षेत्र में, क्वालिटी ऑफ



एजुकेशन, बेहतर सुविधाएं देने व व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए जो प्रयास किए गए हैं। यह उसका प्रतिफल है और विश्वविद्यालय प्रशासन आगे भी इसे जारी रखने के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने बताया कि रैंकिंग एजेंसी के रिकॉर्ड के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय को दुनिया के शीर्ष 25% विश्वविद्यालयों में जगह मिली है। उत्तरप्रदेश से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू, एमएनआईटी इलाहाबाद, आईआईटी कानपुर व एमिटी नोएडा को भी इस रैंकिंग में स्थान प्राप्त हुआ है। बीएचयू एवं एएमयू केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं, जबकि आईआईटी बीएचयू, आईआईटी कानपुर एवं एमएनआईटी इलाहाबाद तकनीकी संस्थान है। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय को एशिया के समस्त संस्थानों में 1008वें स्थान पर रखा गया है। edurank.org द्वारा जारी रैंकिंग में दुनिया भर के 14178 विश्वविद्यालय शामिल रहे हैं, जो उत्तरी अमेरिका, यूरोप, एशिया लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, जापान, मैक्सिको, ओसियाना क्षेत्रों के हैं।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एडू रैंक में एलयू 58वें स्थान पर

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विवि को अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी एडू रैंक द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के बीच सर्वोत्तम विश्वविद्यालय के रूप में स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने पूरे देश में 58 वीं रैंक हासिल की है। अभी हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय के एससीआईमैगो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने के बाद, यह अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के मध्य स्थान पाना उल्लेखनीय एवं महत्त्वपूर्ण है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी क्षमता साबित कर दी है, क्योंकि उसे रैंकिंग एजेंसी के रिकॉर्ड के अनुसार दुनिया के शीर्ष 25 प्रतिशत विश्वविद्यालयों में जगह मिली है। उत्तर प्रदेश के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, आईआईटी बीएचयू, एमएनआईटी इलाहाबाद, आईआईटी कानपुर, एवं एमिटी नोएडा को भी इस रैंकिंग में स्थान प्राप्त हुआ है। बीएचयू एवं एएमयू केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं, आईआईटी बीएचयू, आईआईटी कानपुर एवं एमएनआईटी इलाहाबाद तकनीकी संस्थान है और एमिटी नोएडा प्राइवेट विश्वविद्यालय होने के नाते लखनऊ विवि प्रदेश का सर्वोत्तम राज्य विवि के रूप में स्थान प्राप्त करता हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय को एशिया के समस्त संस्थानों में 1008 वें स्थान पर रखा गया है। उन्होंने दुनिया भर में 14178 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग की है जो उत्तरी अमेरिका, यूरोप, एशिया लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, जापान, मैक्सिको, ओसियाना के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं।

### बीए राजनीतिक विज्ञान के नतीजे घोषित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए राजनीतिक विज्ञान तीसरे और पांचवें सेमेस्टर परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए हैं। यूनिवर्सिटी ने ऑड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम रिजल्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसके पहले यूनिवर्सिटी ने बीकॉम, बीए थर्ड सेमेस्टर, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स के साथ-साथ बीए ऑनर्स इंग्लिश के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे में इन परीक्षाओं में शामिल हुए छात्र-छात्राएं अब अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें जरूरी डिटेल्स जैसे, रोल नंबर सहित अन्य विवरण को उपलब्ध कराना होगा। परीक्षा परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https:// results. luonline. in पर देखे जा सकते हैं।

**i-NEXT PAGE 3**

## प्रदेश में पहली पोजीशन पर लखनऊ यूनिवर्सिटी

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (5 May):** लखनऊ विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी की ओर से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में सर्वोत्तम विश्वविद्यालय करार दिया गया है. विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पूरे देश में 58 वीं रैंक हासिल की है. लखनऊ विश्वविद्यालय के ऊपर जिन 57 विश्वविद्यालयों/ संस्थानों को रखा गया है, वे ज यादातर आइआइटी जैसे तकनीकी विश्वविद्यालय/ संस्थान या इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस हैं. उनके मुताबिक रैंकिंग एजेंसी के रिकॉर्ड के अनुसार विवि को दुनिया के शीर्ष 25 प्रतिशत विश्वविद्यालयों में जगह मिली है.

**THE PIONEER PAGE 3**

## LU ranks 1st in state 58th in country

PNS ■ LUCKNOW

The University of Lucknow has been ranked number 1 among all the universities of Uttar Pradesh by EduRank.org. LU spokesperson Durgesh Srivastava said that the university has secured 58th rank in the country.

"The 57 universities which have been placed above the University of Lucknow are mostly technical universities or the institutes of eminence. LU has once again proved its potential as it has found place among top 25% universities of the world as per the records of ranking agency EduRank. org. The university has been ranked 1008th in Asia. The ranking has been published by EduRank.org and 14,178 universities throughout the globe have been covered. Some of the prominent countries which have been covered are United States, China, Japan, Mexico, etc," he said.

**AMRIT VICHAR PAGE 2**

### बीए राजनीतिक विज्ञान के नतीजे घोषित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए राजनीतिक विज्ञान तीसरे और पांचवें सेमेस्टर परीक्षा 2021 के नतीजे जारी कर दिए हैं। यूनिवर्सिटी ने ऑड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम रिजल्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसके पहले यूनिवर्सिटी ने बीकॉम, बीए थर्ड सेमेस्टर, बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स के साथ-साथ बीए ऑनर्स इंग्लिश के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे में इन परीक्षाओं में शामिल हुए छात्र-छात्राएं अब अपना परिणाम ऑनलाइन जांच सकते हैं। इसके लिए उन्हें जरूरी डिटेल्स जैसे, रोल नंबर सहित अन्य विवरण को उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही चाहें तो उम्मीदवार दिए गए नीचे दिए गए आसान स्टेप्स या फिर डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके अपने मार्क्स चेक कर सकते हैं।